प्रश्न सं. [क. 188]

विधान. वल्लभ भवन १.१८ का परिशिष्ट

-6-

कार्यालय कलेक्टर जिला टीकमगढ़(म.प्र.)

क्रमांक / तीन–ए / वित्त / स्था0 / 2024 / 722 टीकमगढ़, दिनांक 05/12/2024

प्रति

सचिव
म.प्र. शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल

विषय:– विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक–188 द्वारा श्री यादवेन्द्र सिंह माननीय विधानसभा सदस्य द्वारा–कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों की अवहेलना के संबंध में पूँछे गये प्रश्न की जानकारी भेजने बावत।

संदर्भ:– आपका पत्र क.एफ.06–53 / 2024 / 1 / 4 दिनांक 2.12.2024 प्राप्त दिनांक 4.12.2024

विषयांकित संदर्भित पत्र के परिपालन में श्री यादवेन्द्र सिंह माननीय विधानसभा सदस्य द्वारा–कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों की अवहेलना के संबंध में पूँछे गये विधानसभा अतारांकित प्रश्न क.188 की विन्दुवार जानकारी निम्नानुसार है :–

प्रश्न	उत्तर
(क) क्या कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के पत्रों पर कोई कार्यवाही नही की जाती है ?	(क) जी नही। वरिष्ठ अधिकारियों के पत्रों पर विभागीय स्तर से कार्यवाही की जाती है।
(ख) क्या प्रश्नांकित में वर्णित अधिकारी द्वारा प्रश्नकर्ता के पत्रों पर भी कार्यवाही नही की जाती है ? यदि नही तो वर्ष–24–25 में प्रश्नकर्ता द्वारा कुल कितने पत्र कलेक्टर टीकमगढ़ को दिये, और उन पत्रों पर क्या कार्यवाही की गई ? कार्यवाही के परिणामों सहित अवगत करावें।	(ख) जी नही। प्रश्नांकित "ख"में वर्णित अधिकारी (कलेक्टर टीकमगढ़)द्वारा प्रश्नकर्ता (माननीय विधायक टीकमगढ़) के पत्रों पर कार्यवाही की जाती है। वर्ष 2024 में प्रश्नकर्ता के द्वारा 36 पत्र इस कार्यालय को दिये गये थे, उक्त पत्रों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये है, एवं उक्त संबंध में प्रति सप्ताह आयोजित समयकालिक पत्रों की बैठक में निरन्तर समीक्षा की जा रही है।
(ग) क्या कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा आयुक्त सागर संभाग सागर के पत्रों पर कार्यवाही नही की जाती है यदि तो क्यों ?	(ग) जी नही। आयुक्त सागर संभाग सागर से प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही की जाती है।

अनुभाग अधिकारी
म.प्र. शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

188
पारूप
क्षे/र्तर

(7)

(घ) विगत एक वर्ष में कमिश्नर महोदय सागर से कलेक्टर टीकमगढ़ को कितने पत्र लेख किये गये उन पर क्या कार्यवाही हुई ? कार्यवाही के परिणामों सहित अवगत करावें।	(घ) कमिश्नर सागर संभाग सागर से विगत एक वर्ष में 194 पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुये है, जिन पर अग्रेत्तर कार्यवाही की गई है, एवं उक्त संबंध में आयोजित समयकालिक पत्रों की बैठक में निरन्तर समीक्षा की जा रही है।

<u>पूरक जानकारी– विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक–188</u>

टीकमगढ़ जिले में माननीय विधायक तथा वरिष्ठ कार्यालय एवं कमिश्नर सागर संभाग सागर से प्राप्त होने वाले विभिन्न पत्रों पर संबंधित विभागों एवं इस कार्यालय की शाखाओं को भेजकर उक्त पत्रों पर शीघ्र समुचित कार्यवाही नियमानुसार की जाती है, एवं प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली समयकालिक बैठक में पत्रों की समीक्षा की जाती है।

अपर कलेक्टर
एवं नोडल अधिकारी वि.स.
जिला टीकमगढ़

पृ.क्र.तीन–ए / वित्त / स्था0 / 2024 / 722 टीकमगढ़ दिनांक 05/12/2024
प्रतिलिपि:–कमिश्नर सागर संभाग सागर की ओर पत्र क्र.2415 / चार–2 / वि.जॉ. / 2024 दिनांक 03.12.2024 के परिपालन में वॉछित विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र. 188 की जानकारी सहित सूचनार्थ सम्प्रेषित।

अपर कलेक्टर
एवं नोडल अधिकारी वि.स.
जिला टीकमगढ़

803
अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग